<u>एनसीटीई (मान्यता मानदंड और प्रक्रिया) विनियम, 2014</u>

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) कार्यक्रमों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

1.	क्या किसी ऐसे अभ्यर्थी को बी.एड. (ओडीएल) में प्रवेश दिया जा सकता है, जिसके पास आमने-सामने माध्यम (फेस-टू-फेस मोड) से अध्यापक शिक्षा में डिप्लोमा है और वह किसी नौकरी में नहीं है?	एक व्यक्ति, जो प्राथमिक शिक्षा में प्रशिक्षित सेवारत अध्यापक है, बशर्ते उसके पास 50% अंकों के साथ बीए/बीएससी/बी कॉम/एमए/एमएससी/एम.कॉम की डिग्री हो या विज्ञान और गणित में विशेषज्ञता के साथ 55% अंकों के साथ इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में डिग्री हो, बीएड (ओडीएल) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र है। प्रशिक्षित अध्यापक का अर्थ है, वह व्यक्ति, जिसने आमने-सामने माध्यम (फेस-टू-फेस मोड) से एनसीटीई मान्यता प्राप्त अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम पूरा किया हो। सेवारत अध्यापक का अर्थ है, वह जो प्राथमिक विद्यालय या शिक्षा के प्रारंभिक चरण में अध्यापक के रूप में कार्यरत है।
2.	क्या संगीत अध्यापक और शारीरिक शिक्षा अध्यापक बीएड या बीएड (ओडीएल) में प्रवेश के लिए पात्र हैं?	संगीत/शारीरिक शिक्षा अध्यापक बीएड कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र हैं, यदि उनके पास कला/विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/वाणिज्य में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या विज्ञान और गणित में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम 55% अंकों के साथ बीई/बीटेक है। तथापि, बीएड (ओडीएल) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होने के लिए, उन्हें आमने-सामने माध्यम (फेस-टू-फेस मोड) से मान्यता प्राप्त अध्यापक शिक्षा योग्यता प्राप्त होनी चाहिए।
3.	क्या वे अध्यापक बीएड (ओडीएल) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र हैं, जिन्होंने आमने-सामने माध्यम (फेस-टू-फेस मोड) से या ओडीएल माध्यम से डीएलएड उत्तीर्ण किया है,?	सेवारत अध्यापक, जिन्होंने डीएलएड कार्यक्रम को आमने-सामने माध्यम (फेस-टू-फेस मोड) से उत्तीर्ण किया है, बीएड (ओडीएल) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र हैं।
4.	क्या डीएड/एसटीसी योग्यता रखने वाले सेवारत अध्यापक को स्नातक डिग्री के बिना बीएड (ओडीएल) कार्यक्रम में प्रवेश दिया जा सकता है?	नहीं। बीएड (ओडीएल) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होने के लिए, सेवारत अध्यापक के पास न्यूनतम 50% अंकों के साथ कला/विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/वाणिज्य में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान और गणित में विशेषज्ञता सहित बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए। इसके अलावा, आमने-सामने माध्यम (फेस टू फेस मोड) से एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त अध्यापक शिक्षा योग्यता होनी चाहिए।
5.	यदि कोई व्यक्ति सशस्त्र बलों में कार्यरत है, जिसके पास एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता नहीं है और वह बीएड (ओडीएल) कार्यक्रम के लिए आवेदन करना चाहता है, तो क्या उस पर विचार किया जा सकता है?	बीएड (ओडीएल) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्रता योग्यता सशस्त्र बल कर्मियों/कर्मचारियों सहित सभी के लिए समान है, अर्थात कला/विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/वाणिज्य में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या विज्ञान और गणित में विशेषज्ञता सहित न्यूनतम 55% अंकों के साथ बीई/बीटेक और प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा/प्रमाणपत्र। सशस्त्र बल कर्मियों के लिए कोई छूट नहीं है।
6.	क्या आमने-सामने माध्यम (फेस-टू-फेस मोड) से अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम और ओडीएल कार्यक्रम मिलकर एक समग्र अध्यापक शिक्षा संस्थान का निर्माण करेंगे?	नहीं। एनसीटीई विनियम 2014 के अनुसार, आमने-सामने माध्यम (फेस-टू-फेस मोड) से एक से अधिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करने वाला कोई भी संस्थान, एक समग्र संस्थान है। ओडीएल कार्यक्रम विश्वविद्यालयों/संबद्ध निकायों द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं और अध्यापक शिक्षा संस्थान केवल ऐसे कार्यक्रम प्रदान करने वाले ओडीएल संस्थानों के अध्ययन केंन्द्रों के रूप में कार्य करते हैं।